भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 877

सोमवार, दिनांक 24 जुलाई, 2017 को उत्तर देने हेतु

<u>नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से वन क्षेत्रों में गांवों का विद्युतीकरण</u>

877. श्रीमती जया बच्चनः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से पिछड़े और दूर दराज़ के क्षेत्रों सहित वन क्षेत्रों में गांवों के विद्युतीकरण संबंधित विभिन्न राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त किये हैं;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के प्रत्येक वर्ष के दौरान राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) अनुमोदन हेतु उक्त प्रस्तावों में से स्वीकृत किये गए प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान जारी की गई निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): जी, हां। विगत तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष में 30.06.2017 तक विकेन्द्रित विद्युत उत्पादन (डीडीजी) कार्यक्रम के अन्तर्गत पिछड़े क्षेत्रों एवं सुदूर क्षेत्रों सहित वन क्षेत्रों में गांवों के विद्युतीकरण के लिए पूरे देश के विभिन्न राज्यों से 3709 प्रस्ताव प्राप्त हुए। राज्यवार ब्यौरे अनुलग्नक-I पर दिए गए हैं।

(ग) राज्यों से प्राप्त सभी प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया है।

(घ) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान डीडीजी कार्यक्रम के अन्तर्गत 294.93 करोड़ रु. की धनराशि वितरित की गई है। राज्यवार ब्यौरे अनुलग्नक-II पर दिए गए हैं।

अनुलग्नक-I

'नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से वन क्षेत्रों में गांवों का विद्युतीकरण' के संबंध में पूछे गए दिनांक 24.07.2017 के राज्यसभा अतारांकित प्रश्न सं. 877 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I।

गांवों के विद्युतीकरण के लिए प्राप्त प्रस्तावों का राज्यवार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य का नाम	प्राप्त प्रस्तावों की संख्या	स्वीकृत परियोजना लागत (करोड़ रु. में)
वर्ष 2014-15 में स्वीकृत की गई परियोजनाएं			
शून्य			
वर्ष 2015-16 में स्वीकृत की गई परियोजनाएं			
1	आन्ध्र प्रदेश	165	22.09
2	असम	521	294.81
3	अरुणाचल प्रदेश	1000	117.48
4	छत्तीसगढ़	523	177.95
5	झारखंड	305	147.19
6	कर्नाटक	2	0.62
7	मध्य प्रदेश	122	60.93
8	मेघालय	77	8.23
9	ओडिशा	190	56.76
कुल		**2905**	**886.06**
वर्ष 2016-17 में स्वीकृत की गई परियोजनाएं			
1	अरुणाचल प्रदेश	176	41.83
2	छत्तीसगढ़	327	91.26
3	झारखंड	77	48.98
5	मेघालय	132	32.32
6	उत्तराखंड	13	3.31
7	ओडिशा	79	38.29
कुल		**804**	**255.99**
वर्ष 2017-18 में स्वीकृत की गई परियोजनाएं			
शून्य			
कुल योग		**3709.00**	**1142.04**

अनुलग्नक-।।

'नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से वन क्षेत्रों में गांवों का विद्युतीकरण' के संबंध में पूछे गए दिनांक 24.07.2017 के राज्यसभा अतारांकित प्रश्न सं. 877 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-।।

डीडीजी कार्यक्रम के अंतर्गत जारी की गई निधियों का राज्यवार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य का नाम	कुल धनराशि (करोड़ रु. में)
वित्त वर्ष 2014-15		
1	आन्ध्र प्रदेश	1.39
2	छत्तीसगढ़	13.13
3	मध्य प्रदेश	6.64
4	उत्तराखंड	1.48
	उप-योग	**22.64**
वित्त वर्ष **2015-16**		
1	आन्ध्र प्रदेश	10.92
2	छत्तीसगढ़	32.03
3	कर्नाटक	5.30
4	उत्तर प्रदेश	11.32
5	मध्य प्रदेश	3.93
	उप-योग	**63.50**
वित्त वर्ष **2016-17**		
1	छत्तीसगढ़	50.98
2	असम	81.70
3	राजस्थान	24.68
4	केरल	1.24
5	आन्ध्र प्रदेश	2.09
	उप-योग	**160.69**
वित्त वर्ष **2017-18**		
1	अरुणाचल प्रदेश	24.14
2	मध्य प्रदेश	1.84
3	ओडिशा	17.64
4	मेघालय	4.47
	उप-योग	**48.10**
	कुल योग	**294.93**

*****